# जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक का

## कार्यवृत्त

दिनांक 27.05.2025 जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय), जनपद मैनपुरी की बैठक श्री अंजनी कुमार सिंह आई. ए.एस. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति की अध्यक्षता में अपरान्ह 04:30 बजे से कलक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें उपस्थित सदस्यों की सूची संलग्न है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि विगत बैठक दिनांक 19.04.2025 को विभिन्न कार्यक्रमों में लक्ष्य के सापेक्ष न्यूनतम स्थान पर पाये गये कम प्रगति वाले सम्बन्धित प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति में सुधार प्राप्त कर दिये गये निर्देशों को अनुपालित कराया जा रहा है। जिस पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी।

**एजेण्डा बिन्दु–1 जननी सुरक्षा योजना–**

समिति द्वारा जननी सुरक्षा योजना की गहन समीक्षा की गयी। भुगतान की प्रगति माह मई तक 59.5 प्रतिशत प्राप्त हुई। जिसमें सबसे कम प्रगति बरनाहल 40.0 प्रतिशत् करहल 17.3 प्रतिशत् व घिरोर 47.5 प्रतिशत् पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। जननी सुरक्षा के अन्तर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय द्वारा अवगत कराया गया है कि मंत्र पोर्टल माह मई से ही प्रारम्भ हुआ है अभी ठीक से कार्य नहीं कार्य कर रहा है जिस कारण लाभार्थी भुगतान की प्रगति अपेक्षाकृत कम है।

माह मई, 2025 तक निर्धारित लक्ष्य 16.6 प्रतिशत के सापेक्ष जनपदीय भौतिक उपलब्धि 9.0 प्रतिशत पायी गयी, जिसमें न्यूनतम स्थान पर कुचेला 1.2 प्रतिशत् बेवर 5.8 प्रतिशत् व करहल 7.2 प्रतिशत पायी गयी।

**निर्णयः**–अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि मंत्र पोर्टल के सुचारु संचालित होने पर लाभार्थी भुगतान शत–प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, समस्त चिकित्सा अधीक्षक, एम०एच० कन्सल्टेन्ट)**






एजेंडा बिन्दु-

## जननी सुरक्षा योजना

| क्र.सं. | ब्लॉक / स्वास्थ्य इकाई का नाम | वार्षिक लक्ष्य | माह 01 अप्रैल 2025 से 27 मई 2025 तक लक्ष्य के सापेक्ष क्रमिक उपलब्धि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | क्रमिक भौतिक उपलब्धि (26 मई 2025 तक) | उपलब्धि का प्रतिशत (प्राप्त किया जाने वाला लक्ष्य 16.6%) | पी.एफ.एम.एस. पोर्टल के माध्यम से भुगतान किए गए लाभार्थियों की संख्या (अपलोड सहित) | भुगतान किए गए लाभार्थियों का प्रतिशत |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जिला महिला चिकित्सालय एवं शहरी क्षेत्र | 1986 | 492 | 24.8 | 370 | 75.2 |
| 2 | जागीर | 1453 | 147 | 10.1 | 100 | 68.0 |
| 3 | बरनाहल | 1813 | 165 | 9.1 | 66 | 40.0 |
| 4 | किशनी | 2768 | 275 | 9.9 | 163 | 59.3 |
| 5 | सुल्तानगंज | 3103 | 275 | 8.9 | 190 | 69.1 |
| 6 | करहल | 2389 | 173 | 7.2 | 30 | 17.3 |
| 7 | कुरावली | 2325 | 219 | 9.4 | 153 | 69.9 |
| 8 | घिरोर | 2372 | 202 | 8.5 | 96 | 47.5 |
| 9 | बेवर | 2986 | 172 | 5.8 | 88 | 51.2 |
| 10 | कुचेला | 2745 | 33 | 1.2 | 25 | 75.8 |
| | योग | 23940 | 2153 | 9.0 | 1281 | 59.5 |

**राज्य स्तरीय रैंक — मैनपुरी 06**

**मंडलीय रैंक — मैनपुरी 2 फिरोजाबाद 1. मथुरा 3. आगरा 4**

**<u>एजेण्डा बिन्दु–2 प्रथम सन्दर्भन इकाई :–</u>**

समिति द्वारा माह अप्रैल, 2025 तक जिला महिला चिकित्सालय में लक्ष्य 10 सीजेरियन के सापेक्ष 50, गोधना (घिरोर) मे 5 सीजेरियन के सापेक्ष 5 की उपलब्धि पायी गयी, कुरावली मे लक्ष्य 5 के सापेक्ष 3, किशनी मे लक्ष्य 5 के सापेक्ष 2, भोगॉव मे लक्ष्य 5 के सापेक्ष 0 व सलूकनगर (बरनाहल) में लक्ष्य 5 सीजेरियन के सापेक्ष शून्य सीजेरियन प्रसव की प्रगति पायी गयी। अवगत कराया गया कि सलूकनगर बरनाहल में कोई भी विशेषज्ञ तैनात नही है तथा भोगांव में डा0 सादाब अवकाश पर चल रहे थे।

**निर्णयः**–प्रथम संदर्भ इकाई भोगांव की शून्य प्रगति पर नाराज़गी व्यक्त की गयी, एक सर्जन/गायनिक को इकाई पर भेजकर सिजेरियन कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। निर्देशित किया गया कि अवकाश अधिकार नहीं होता है। मेडिकल लीव उपरान्त मेडिकल फिटनेस भी होना चाहिये।

**(कार्यवाही– नोडल अधिकारी, सम्बन्धित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी )**

Agenda-

## First Referral Unit (FRU) Report

**Month- April. 2025**

| S.N. | Unit | Target up to the Month Min. @10Case for DW @5Case for CHC | C-section | | | Specialist Doctors. | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Monthly | Progress | % | | |
| 1 | District Women Hospital | 10 | 50 | 50 | 500.0 | Dr. Nishita singh (Gyn.) Dr. Uma Chaudhary (D.G.O.) Dr.Pallavi Nikhar (Gyn.) Dr.Divya Sarin (Gyn.) Dr.Priya Sachan ( Anaesthetist) | |
| 2 | CHC - Kurawali | 5 | 3 | 3 | 60.0 | Dr. Manish Pratap Singh (LSAS) | Gynecologist-Vacant |
| 3 | CHC- KISHANI | 5 | 2 | 2 | 40.0 | Dr. Snehil Tripathi (Anaesthetist) | Gynecologist-Vacant |
| 4 | CHC -GHIROR | 5 | 5 | 5 | 100.0 | Dr. Pooja Hajare (EMOC)<br>Dr. Vikas Yadav (LSAS) | |
| 5 | CHC - SALOOK NAGAR, BARNAHAL | 5 | 0 | 0 | 0 | Gynecologist- Vacant | Anaesthetist-Vacant |
| 6 | CHC - BHOGAON | 5 | 0 | 0 | 0.0 | Dr. Sadab (LSAS) | Gynecologist-Vacant |
| | *Total* | 35 | 60 | 60 | 171.43 | | |

**<u>एजेण्डा बिन्दु–3 मातृ मृत्यु निगरानी समीक्षा :–</u>**

मातृ मृत्यु निगरानी समीक्षा के अन्तर्गत जनपद में माह अप्रैल, 2025 में 01 मातृ–मृत्यु कुरावली में पी0पी0एच0 के कारण होना पाया गया। जिसके बारे में चिकित्सा अधीक्षक द्वारा विस्तार से अवगत कराया गया।

**निर्णयः**–समिति द्वारा 01 मातृ–मृत्यु होने पर असंतोष व्यक्त किया गया। गर्भवती महिलाओं की प्रथम ए0एन0सी0 से ही उचित देखभाल करते हुये प्रत्येक दशा में मातृ–मृत्यु होने से रोका जायें।

एजेंडा बिन्दु -

## Maternal Death Surveillance Review (MDSR)

Month : April.-2025

| Sr. No. | Name of Block Unit | Number of Maternal Deaths in reporting Month April. 2025 | | | | Cumulative Maternal Deaths upto April.- 2025 | Cause of Death during the Month | Cause of Death up to the Month of April.-2025 | Maternal Death Audit (Yes/No) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | At Health Facilities | At Home | In Transit | Total | | | | |
| 1 | Kuchela | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL |
| 2 | Kishni | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL |
| 3 | Ghiror | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL |
| 4 | Sultanganj | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL |
| 5 | Barnahal | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL |
| 6 | JAGEER | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL |
| 7 | Bewar | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL |
| 8 | Kurawali | 1 | NILL | NILL | 1 | 1 | PPH | PPH | YES |
| 9 | Karhal | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL |
| 10 | Distt. Women Hospital | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL | NILL |
| Total | | 1 | NILL | NILL | 1 | 1 | | | |

## एजेण्डा बिन्दु–4 जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम –

समिति द्वारा जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम की समीक्षा में माह अप्रैल, 2025 में निःशुल्क नाश्ता/भोजन प्राप्त लाभार्थियों की जनपदीय उपलब्धि शत् प्रतिशत पायी गयी व ड्रापबैक की सुविधा प्राप्त लाभार्थियों की जनपदीय उपलब्धि 99.1 प्रतिशत पायी गयी। जिसमें जिला महिला चिकित्सालय की प्रगति 96.0 प्रतिशत पाई गयी। अवगत कराया गया कि 07 लाभार्थी अपने स्वयं के वाहन से चले गये थे।

**निर्णयः–** अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि चिकित्सालय में आने वाले सभी लाभार्थियों की उचित देखभाल हो। समस्त जांचें, उपचार, भोजन व ड्रॉपबैक की सुविधा ससमय निःशुल्क उपलब्ध करायी जायें।

**(कार्यवाही– मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जि0म0चि0, समस्त चिकित्सा अधीक्षक)**

### जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम

माह अप्रैल 2025

| क्र. स. | स्वास्थ्य इकाई का नाम | आच्छादित इकाई में हुए कुल प्रसवों की संख्या | | निःशुल्क नाश्ता/भोजन प्राप्त लाभार्थियों की संख्या | | | ड्रापबैक की सुविधा प्राप्त लाभार्थियों की संख्या | | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मासिक | क्रमिक | मासिक | क्रमिक | प्राप्त प्रतिशत् | मासिक | क्रमिक | प्राप्त प्रतिशत् | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | जिला महिला चिकित्सालय | 174 | 174 | 174 | 174 | 100 | 167 | 167 | 96.0 | माह अप्रैल 2025 में 07 लाभार्थी द्वारा स्वयं के वाहन का पयोग किया गया है |
| 2 | सी.एच.सी. कुरावली | 90 | 90 | 90 | 90 | 100 | 90 | 90 | 100.0 | |
| 3 | सी.एच.सी. करहल | 67 | 67 | 67 | 67 | 100 | 67 | 67 | 100.0 | |
| 4 | सी.एच.सी. बेवर | 17 | 17 | 17 | 17 | 100 | 17 | 17 | 100.0 | |
| 5 | पी.एच.सी. मानपुरदरी | 57 | 57 | 57 | 57 | 100 | 57 | 57 | 100.0 | |
| 6 | पी.एच.सी. सुल्तानगंज | 47 | 47 | 47 | 47 | 100 | 47 | 47 | 100.0 | |
| 7 | सी.एच.सी. कुरेला | 17 | 17 | 17 | 17 | 100 | 17 | 17 | 100.0 | |
| 8 | सी.एच.सी. किशनी | 111 | 111 | 111 | 111 | 100 | 111 | 111 | 100.0 | |
| 9 | सी.एच.सी. धिरोर | 73 | 73 | 73 | 73 | 100 | 73 | 73 | 100.0 | |
| 10 | सी.एच.सी. औंछा | 9 | 9 | 9 | 9 | 100 | 9 | 9 | 100.0 | |
| 11 | सी.एच.सी. सजूक नगर बरनाहल | 68 | 68 | 68 | 68 | 100 | 68 | 68 | 100.0 | |
| 12 | सी.एच.सी. जागीर | 45 | 45 | 45 | 45 | 100 | 45 | 45 | 100.0 | |
| 13 | सी.एच.सी. भोगाँव | 19 | 19 | 19 | 19 | 100.0 | 19 | 19 | 100.0 | |
| | कुल योग | 794 | 794 | 794 | 794 | 100 | 787 | 787 | 99.1 | |

## एजेण्डा बिन्दु–5 औसत आशा पेमेन्ट की समीक्षा–

मह अप्रैल, 2025 मे जनपदीय औसत आशा पेमेन्ट 4021 प्राप्त हुआ, जिसमे सबसे कम प्रगति जागीर 3407 एवं किशनी 3555 की पायी गयी। जागीर एवं किशनी की कम प्रगति पर जानकारी ली गयी। जागीर चिकित्सा अधीक्षक द्वारा

चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि 04 आशाओं के बाउचर कार्यालय में समय से प्राप्त ना होने कारण भुगतान करने में विलम्ब हुआ। यूनीसेफ के डिवीजनल कॉ–डीनेटर द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकतम् प्राप्त धनराशि वाली आशाओं एवं न्यूनतम प्राप्त धनराशि वाली आशाओं को चिन्हित किया जा सकता है। जो आशायें कम कार्य करती है उनको न्यूनतम धनराशि प्राप्त होती है, जिससे निष्क्रिय आशाओं को चिन्हित किया जा सकता है।

**निर्णय**–समिति द्वारा चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि विषम परिस्थिति में ए0एन0एम0 के माध्यम से बाउचर जमा करायें। राइडर लगा दें कि जब तक आशा का भुगतान नही किया जायें तबतक सगिंनी, ए0एन0एम0, एम0ओ0आई0सी0 का भी मानदेय/वेतन आहरित नही किया जायेगा। जो आशायें निष्क्रिय हो गयी है उन्हें हटाकर नवीन आशाओं को चयनित किया जायें, जिससे उन्हें रोजगार मिल सकें।

**(कार्यवाही– समस्त चिकित्सा अधीक्षक बी0सी0पी0एम0, बी0ए0एम0)**

Agenda:

NHM: Average ASHA Payment Status, District Mainpuri

| S.No. | Block CHC & PHC | No. of working ASHA according to BCPM MIS | Month April 2025 | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Incentive on BCPM MIS | Average ASHA Payment |
| 1 | Barnahal | 186 | 846540 | 4551 |
| 2 | Bewar (Manpurhari) | 228 | 856450 | 3756 |
| 3 | Ghiror | 203 | 757200 | 3730 |
| 4 | Jageer | 160 | 545050 | 3407 |
| 5 | Karhal | 195 | 806500 | 4136 |
| 6 | Kishni | 226 | 803500 | 3555 |
| 7 | Kuraoli | 206 | 1118570 | 5430 |
| 8 | Mainpuri (Kuchela) | 241 | 928250 | 3852 |
| 9 | Sultanganj | 243 | 928810 | 3822 |
| | Total Of District | 1888 | 7590870 | 4021 |

Source: BCPM MIS

**एजेण्डा बिन्दु–6 एच0बी0एन0सी0–होम बेस्ड न्यू बोर्न केयर–**

एच0बी0एन0सी0 के अन्तर्गत आशा द्वारा नवजात शिशुओं के गृह भ्रमण में जनपदीय उपलब्धि 98.40 प्रतिशत पायी गयी जिसमें जागीर 97.69 प्रतिशत की प्रगति अपेक्षाकृत कम पायी गयी। जागीर चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि 06 बच्चें अपने गॉव से बाहर चले गये थे। जानकारी ली गयी कि इसकी मॉनीटरिंग कैसे करते हो। अवगत कराया गया कि संगिंनियों के माध्यम से आशाओं की मॉनीटरिंग की जाती है।

**निर्णय**–जिलाधिकारी/अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि वास्तविक जन्में बच्चों का शत् प्रतिशत् होम विजिट सुनिश्चित किया जायें।

**(कार्यवाही–संबन्धित अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धक)**

Agenda:

HBNC: Newborn visited by ASHA (April 2025)

| S.No. | Block CHC & PHC | Expected Target of Newborn | Actual Newborn | Newborn visited | % of Newborn visited against Actual Newborn |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Barnahal | 428 | 275 | 269 | 97.82 |
| 2 | Bewar (manpurihari) | 524 | 337 | 330 | 97.92 |
| 3 | Ghiror | 467 | 293 | 288 | 98.29 |
| 4 | Jageer | 366 | 260 | 254 | 97.69 |
| 5 | Karhal | 446 | 429 | 421 | 98.14 |
| 6 | Kishni | 520 | 322 | 315 | 97.83 |
| 7 | Kuraoli | 449 | 441 | 438 | 99.32 |
| 8 | Mainpuri (Kuchela) | 554 | 491 | 485 | 98.78 |
| 9 | Sultanganj | 559 | 479 | 472 | 98.54 |
| 10 | UPHC Agra Road | 64 | 99 | 97 | 97.98 |
| 11 | UPHC Bhogaon | 24 | 41 | 41 | 100.00 |
| 12 | UPHC Hindpuram | 92 | 102 | 102 | 100.00 |
| | Dist. Total | 4493 | 3569 | 3512 | 98.40 |

**एजेण्डा बिन्दु–7 एच0डब्ल्यू0सी0 पर ई0 संजीवनी ओ0पी0डी0 की स्थिति की समीक्षा–**

अवगत कराया गया कि जनपद मे औसत ई0संजीवनी ओ0पी0डी0 की प्रगति माह अप्रैल में 4.86 पायी गयी। जोकि विगत माह की ई0 संजीवनी ओ0पी0डी0 7.28 से कम है। सबसे कम प्रगति बरनाहल 3.81 एवं करहल 3.84 प्रतिशत पायी गयी। अवगत कराया गया कि जिला चिकित्सालय में 03 चिकित्सक टेलीकंसल्टेशन हेतु बैठते है।

**निर्णय**–अध्यक्ष महोदय द्वारा ई0 संजीवनी ओ0पी0डी0 की कम प्रगति पर कडी नाराजगी व्यक्त की गयी। प्रगति में सुधार के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही–सम्बन्धित चिकित्सा अधीक्षक व सी0एच0ओ0)**

Agenda-

| HWC Subcenter: E Sanjeevani OPD status Year 2024-25 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.No. | Block CHC & PHC | Total No of CHO in the District | No of working CHOs in April 2025 | E sanjeevani OPD 01-30 April 2025 | Average of E sanjeevani OPD/day/CHO (Target@5/day/CHO) |
| 1 | Barnahal | 15 | 12 | 1097 | 3.81 |
| 2 | Bewar (Manpurhari) | 16 | 15 | 2235 | 6.21 |
| 3 | Ghiror | 16 | 16 | 1844 | 4.80 |
| 4 | Jageer | 14 | 14 | 1853 | 5.51 |
| 5 | Karhal | 8 | 8 | 737 | 3.84 |
| 6 | Kishni | 18 | 18 | 1923 | 4.45 |
| 7 | Kuraoli | 15 | 15 | 1803 | 5.01 |
| 8 | Mainpuri (Kuchela) | 23 | 21 | 2362 | 4.69 |
| 9 | Sultanganj | 21 | 21 | 2490 | 4.94 |
| | Total | 146 | 140 | 16344 | 4.86 |

**एजेण्डा बिन्दु–8 परिवार नियोजन कार्यक्रमः–**

परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत अवगत कराया गया कि माह अप्रैल 2025 तक महिला नंसबन्दी के लक्ष्य 1282 के सापेक्ष क्रमिक उपलब्धि 03 प्राप्त हुई है, जोकि लक्ष्य का 0.2 प्रतिशत् है एवं पुरूष नंसबन्दी लक्ष्य 21 के सापेक्ष कमिक उपलब्धि शून्य प्राप्त हुई है।

**निर्णयः**–अध्यक्ष महोदय द्वारा परिवार कल्याण की प्रगति अंसतोषजनक पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। लक्ष्य के अनुरूप प्रगति प्राप्त करने हेतु कडे निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही– नोडल अधिकारी, समस्त चिकित्सा अधीक्षक, फैमिली प्लानिंग एवं लोजिस्टिक मैनेजर)**

**बिन्दु संख्या –** **परिवार कल्याण प्रगति रिपोर्ट**

माह – अप्रैल 2025

| क्र.सं. | स्वास्थ्य इकाई का नाम | महिला नसबन्दी | | | | पुरूष नसबन्दी | | | | अन्तरा (गर्भ निरोधक इन्जेक्शन) | | | | पी.पी.आई.यू.सी.डी. | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वार्षिक लक्ष्य | मासिक उपलब्धि | क्रमिक उपलब्धि | % | वार्षिक लक्ष्य | मासिक उपलब्धि | क्रमिक उपलब्धि | % | वार्षिक लक्ष्य | मासिक उपलब्धि | क्रमिक उपलब्धि | % | वार्षिक लक्ष्य | मासिक उपलब्धि | क्रमिक उपलब्धि | % |
| 1 | कुचेला | 146 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1439 | 112 | 112 | 7.8 | 350 | 6 | 6 | 2 |
| 2 | घिरोर | 127 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1242 | 63 | 63 | 5 | 702 | 35 | 35 | 4 |
| 3 | कुरावली | 125 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1292 | 84 | 84 | 7 | 965 | 32 | 32 | 3 |
| 4 | सुल्तानगंज | 145 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1488 | 95 | 95 | 6 | 960 | 150 | 150 | 16 |
| 5 | जागीर | 109 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1468 | 50 | 50 | 3 | 486 | 4 | 4 | 1 |
| 6 | बेवर | 144 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1518 | 135 | 135 | 9 | 888 | 37 | 37 | 4 |
| 7 | किशनी | 142 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1365 | 4 | 4 | 0.3 | 880 | 42 | 42 | 5 |
| 8 | करहल | 128 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1269 | 87 | 87 | 7 | 796 | 41 | 41 | 5 |
| 9 | बरनाहल | 112 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1086 | 18 | 18 | 2 | 765 | 42 | 42 | 5 |
| 10 | जिला चिकित्सालय (अर्बन) | 104 | 3 | 3 | 3 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1073 | 40 | 40 | 4 | 1088 | 13 | 13 | 1 |
| | कुल योग | 1282 | 3 | 3 | 0.2 | 21 | 0 | 0 | 0 | 13240 | 688 | 688 | 5 | 7970 | 402 | 402 | 5 |

## एजेण्डा बिन्दु–9 आयुष्मान भारत योजनाः–

समिति द्वारा आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की समीक्षा की गयी। प्रीऑथ में जनपदीय उपलब्धि 48.4 प्रतिशत पाई गयी। जिला महिला चिकित्सालय (26.0), सी0एच0सी0 बरनाहल (35.0) व सी0एच0सी0 सुल्तानगंज (30.8) की प्रगति सबसे कम पाई गयी। अब तक 70 वर्ष के लाभार्थियों के 15108 कार्ड बनाये जा चुके है।

**निर्णयः**–समिति द्वारा प्रीऑथ की प्रगति 50 प्रतिशत ही पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। प्रगति में सुधार के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही– संबन्धित चिकित्सा अधीक्षक, आयुष्मान सेल)**

**Agenda** **AYUSHMAN BHARAT PUBLIC HOSPITAL- PRE AUTH**

24-May-25

| SN | HOSPITAL NAME | MONTLY TARGET | PRE AUTH MAR 2025 | PRE AUTH APR 2025 | PRE AUTH Till 24 MAY 2025 | Percentage(current Month) | CUMULATIVE PRE AUTH (TILL DATE) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 (6/3*100) | 8 |
| 1 | CHC Kishni | 120 | 64 | 77 | 71 | 59.2 | 1646 |
| 2 | District Male Hospital | 150 | 56 | 87 | 83 | 55.3 | 1643 |
| 3 | Chc Jagir | 120 | 77 | 85 | 68 | 56.7 | 1482 |
| 4 | Chc Karhal | 120 | 48 | 82 | 83 | 69.2 | 1414 |
| 5 | Chc Kurawali | 120 | 75 | 75 | 66 | 55.0 | 1373 |
| 6 | Chc Ghiror | 120 | 82 | 83 | 74 | 61.7 | 1341 |
| 7 | Chc Kuchela | 120 | 57 | 81 | 58 | 48.3 | 1226 |
| 8 | District Female Hospital | 150 | 19 | 46 | 39 | 26.0 | 1214 |
| 9 | Chc Barnahal | 120 | 54 | 41 | 42 | 35.0 | 1199 |
| 10 | Chc Bewar | 120 | 84 | 80 | 45 | 37.5 | 1026 |
| 11 | Chc Sultanganj | 120 | 64 | 53 | 37 | 30.8 | 1020 |
| 12 | Community Health Centre Bhogaon | 120 | 43 | 52 | 60 | 50.0 | 852 |
| | TOTAL | 1500 | 723 | 842 | 726 | 48.4 | 15436 |

SOURCE - BFA Report

**माह APR 2025 में जनपद के प्राइवेट चिकित्सालयों द्वारा कुल 273 मरीजों को उपचारित किया गया**

**जनपद में 70 वर्ष के लाभार्थियों के 24.05.2025 तक 15108 लाभार्थियों के कार्ड बनाये जा चुके है**

रिपोर्टिंग पोर्टल https://dashboard-pmjay-gov पर अपडेट रिपोर्ट प्रदर्शित न होने एव स्टेट हेल्थ एजेंसी (SHA ) द्वारा माहवार प्रेषित की जाने वाली रिपोर्ट मे कार्ड की प्रगति प्रदर्शित ना होने के कारण आयुष्मान कार्ड रिपोर्ट दिया जाना संभव नही है ।

## एजेण्डा बिन्दुः 10 राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमः–

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत लक्ष्य 8.33 प्रतिशत के सापेक्ष जनपद में स्कूली बच्चों की प्रगति 8.07 प्रतिशत् तथा ऑगनबाड़ी बच्चों की उपलब्धि 2.67 प्रतिशत् पायी गयी। स्कूली बच्चों में सबसे कम प्रगति कुचेला (6.45%), सुल्तानगंज (5.92%) एवं किशनी (4.94%) तथा ऑगनबाड़ी बच्चों में सबसे कम प्रगति करहल (1.62%), मैनपुरी अर्वन (1.34%), जागीर (0..00%) व किशनी (1.26%) पायी गयी। जानकारी पर अवगत कराया गया कि किशनी में 01 मेडिकल टीम ही तैनात है जिस कारण किशनी की प्रगति सबसे कम है। भ्रमण के दौरान आंगनबाडी केन्द्र बन्द पाये गये।

**निर्णय**–अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि भ्रमण से पूर्व आपसी समन्वय कर सभी लक्षित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायें एवं छूटे हुए बच्चों को चिन्हित कर स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की जायें तथा सभी लक्षित विद्यालय व आंगनबाडी केन्द्रों का भ्रमण सुनिश्चित किया जायें।

**(कार्यवाही–नोडल अधिकारी / डी0ई0आई0सी0 मैनेजर, सम्बन्धित चिकित्सा अधीक्षक)**

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आर0बी0एस0के0)

एजेंडा बिन्दु8 | वर्ष 2025–26

प्रगति माह– April - 2025

| क्रमांक | ब्लॉक | जनपदीय वार्षिक/मासिक लक्ष्य | | | | आर0बी0एस0के0 टीमो द्वारा मासिक/ क्रमिक उपलब्धि 8.33% | | | | | | | | | | रिपोर्टिंग माह तक मोबाइल हेल्थ टीम द्वारा संदर्भित 4D की संख्या Defects at birth, Deficiencies, Diseases, Development delays including disability. | | | रिपोर्टिंग माह तक कुल उपचारित बच्चों की संख्या | रिपोर्टिंग माह तक कुल उपचार हेतु लंबित बच्चों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्कूल | आंगनबाड़ी केंद्र 1742X2 | कुल वार्षिक स्कूली बच्चों का लक्ष्य | कुल वार्षिक आंगनबाड़ी बच्चों का लक्ष्य | स्कूल क्रमिक उपलब्धि | आंगनबाड़ी क्रमिक उपलब्धि | मासिक स्कूली बच्चों की उपलब्धि | मासिक स्कूली बच्चों की उपलब्धि प्रतिशत में | क्रमिक स्कूली बच्चों की उपलब्धि | क्रमिक स्कूली बच्चों की उपलब्धि प्रतिशत में | मासिक आंगनबाड़ी बच्चों की उपलब्धि | मासिक आंगनबाड़ी बच्चों की उपलब्धि प्रतिशत में | क्रमिक आंगनबाड़ी बच्चों की उपलब्धि | क्रमिक आंगनबाड़ी बच्चों की उपलब्धि प्रतिशत में | स्कूलों से | आंगनबाड़ी से | योग | | |
| SN | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 1 | कुरावली | 191 | 354 | 15817 | 34380 | 21 | 10 | 1795 | 99.17 | 1795 | 11.35 | 831 | 99.52 | 831 | 2.42 | 130 | 70 | 200 | 200 | 0 |
| 2 | घिरोर | 215 | 362 | 15419 | 33990 | 23 | 15 | 1232 | 95.95 | 1232 | 7.99 | 1395 | 98.52 | 1395 | 4.10 | 24 | 27 | 51 | 48 | 3 |
| 3 | कुरेला | 255 | 432 | 16873 | 42628 | 20 | 20 | 1089 | 94.04 | 1089 | 6.45 | 933 | 95.01 | 933 | 2.19 | 22 | 19 | 41 | 39 | 2 |
| 4 | बेवर | 257 | 484 | 21877 | 40390 | 30 | 19 | 1821 | 91.97 | 1821 | 8.32 | 2105 | 91.13 | 2105 | 5.21 | 21 | 16 | 37 | 36 | 1 |
| 5 | सुल्तानगंज | 229 | 396 | 21320 | 32906 | 22 | 14 | 1262 | 90.79 | 1262 | 5.92 | 1143 | 93.69 | 1143 | 3.47 | 127 | 108 | 235 | 230 | 5 |
| 6 | करहल | 225 | 376 | 17586 | 28252 | 21 | 6 | 1556 | 90.41 | 1556 | 8.85 | 459 | 90.71 | 459 | 1.62 | 37 | 1 | 38 | 36 | 2 |
| 7 | मैनपुरी अर्बन | 25 | 92 | 11255 | 9687 | 6 | 4 | 814 | 89.45 | 814 | 7.23 | 130 | 90.91 | 130 | 1.34 | 44 | 11 | 55 | 52 | 3 |
| 8 | जागीर | 161 | 242 | 11733 | 23190 | 20 | 0 | 1587 | 89.26 | 1587 | 13.53 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 66 | 0 | 66 | 60 | 6 |
| 9 | बरनाहल | 174 | 304 | 10872 | 26124 | 21 | 19 | 915 | 87.81 | 915 | 8.42 | 812 | 88.26 | 812 | 3.11 | 32 | 25 | 57 | 52 | 5 |
| 10 | किशनी | 275 | 442 | 17764 | 38446 | 12 | 9 | 878 | 86.93 | 878 | 4.94 | 483 | 89.11 | 483 | 1.26 | 139 | 34 | 173 | 167 | 6 |
| | TOTAL | 2007 | 3484 | 160516 | 309993 | 196 | 116 | 12949 | 91.95 | 12949 | 8.07 | 8291 | 93.43 | 8291 | 2.67 | 642 | 311 | 953 | 920 | 33 |

माह मण्डलीय रैंक –स्वास्थ्य परीक्षण मे आगरा 1,मैनपुरी 2,फिरोजाबाद 3 एवं मथुरा 4 है । लक्षित सभी 33 बच्चो का उपचार सी.एच.सी. पर बुला कर करा दिया गया है कोई बच्चा लंबित नही है ।

## एजेण्डा बिन्दु–11 पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा:–

समिति द्वारा पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम पर चर्चा की गयी। जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि माह अप्रैल, 2025 में टी0बी0 नोटीफिकेशन की दर 108 प्रतिशत तथा निक्षय पोषण योजना में लाभार्थियों का भुगतान 51 प्रतिशत पाया गया। टी0बी0 नोटीफिकेशन में बेवर 59 प्रतिशत् एवं करहल 76 प्रतिशत् की प्रगति कम पायी गयी। स्टेट रैंक 17 एवं मण्डलीय रैंक 01 पायी गयी। मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष महोदया द्वारा निक्षय पोषण योजना की कम भुगतान पर जानकारी ली गयी। अवगत कराया गया कि पोर्टल ठीक से कार्य नही कर रहा है।

**निर्णयः**–अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि गर्वनर मेडम द्वारा भी कार्यक्रम की समीक्षा की गयी थी। सचेत पूर्वक कार्यक्रम की मॉनीटरिंग करें। प्रगति में सुधार के कड़े निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही–जिला क्षय रोग अधिकारी, संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी)**

Agenda

TB Indicators April 2025

| S.No. | TB Indicators April 2025 | Target for Patient April 2025 | Total Notified Patient April 2025 | Achievement % | Score |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TB notification (score 20) | 376 | 405 | 108 | 20 |
| 2 | TB notified patients with known HIV status (Score 10) | 461 | 460 | 100 | 10 |
| 3 | TB Notified Patients With UDST Done (Score 10) | 185 | 175 | 95 | 9.5 |
| 4 | Patient treatment Success Rate (Score 15) | 1214 | 1102 | 91 | 15 |
| 5 | Eligible beneficiaries paid under Nikshay Poshan Yojana (Score 10) | 2252 | 1151 | 51 | 5.1 |
| 6 | Diagnosed MDR patients initiated on treatment (Score 15) | 14 | 13 | 93 | 14.4 |
| 7 | Contact children (<6 years) given chemoprophylaxis (Score 5) | 21 | 21 | 100 | 5 |

Agenda

TB-Notification (April 2025)

| S.No. | TU Name | Annual Target-Patient | Target- Patient April 2025 | Notification Patient April 2025 | % of Target Achieved Patient |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Barnahal | 411 | 35 | 33 | 94 |
| 2 | Bewar | 441 | 37 | 22 | 59 |
| 3 | Ghiror | 448 | 38 | 49 | 129 |
| 4 | Karhal | 436 | 37 | 28 | 76 |
| 5 | Kishani | 421 | 36 | 38 | 106 |
| 6 | Kuchela | 401 | 34 | 32 | 94 |
| 7 | Kurawali | 446 | 38 | 33 | 87 |
| 8 | Mainpuri | 453 | 39 | 82 | 213 |
| 9 | Sagamal | 355 | 30 | 30 | 100 |
| 10 | Sultanganj | 332 | 28 | 25 | 89 |
| 11 | CHC Bhogoan | 287 | 24 | 33 | 135 |
| | Total | 4432 | 376 | 405 | 108 |

**<u>एजेण्डा बिन्दु–12 पी०सी०पी०एन०डी०टी० की समीक्षाः–</u>**

नोडल अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 44 अल्ट्रासाउन्ड सेंटर पंजीकृत हैं। माह अप्रैल, 2025 में 02 नर्सिंग होम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। कही भी कोई लिंग परीक्षण होना नही पाया गया।

**निर्णयः**–अध्यक्ष महोदय द्वारा पी0सी0पी0एन0डी0टी0 कार्यक्रम की प्रगति पर नराजगी व्यक्त की गयी। इस कार्यक्रम में कोई काम नही हो रहा है। ए0डी0एम0 महोदया को टीम बनाकर एक ही दिन सभी अल्ट्रासाउन्ड सेंटरों पर औचक निरीक्षण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही–ए0डी0एम0, नोडल अधिकारी, कॉर्डीनेटर)**

एजेण्डा बिन्दु–

माह April, 2025

पी.सी.पी.एन.डी.टी.एक्ट 1994 का क्रियान्वयन

(इकाई संख्या में)

| क्र0 सं0 | वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार | | पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट में पंजीकृत कुल केन्द्रों की संख्या | माह तक निरस्त / निलम्बित केन्द्र | जिला समुचित प्राधिकारी द्वारा कराये गये निरीक्षणों की स्थिति | | | मिथ्या ग्राहक (Decoy) द्वारा कराई गयी चेकिंग | | मिथ्या ग्राहक (Decoy) द्वारा चेकिंग के फलस्वरूप कार्यवाही (माह तक) | | | | सलाहकार समिति की बैठक | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | जनपद में लिंग अनुपात | 0—6 वर्ष के बच्चों का लिंग अनुपात | | | माह में | माह तक | प्रतिशत (7/4) | माह में | माह तक | अभ्यारोपित/पकड़े गये क्लीनिकों की संख्या | सील कराये गये क्लीनिकों की संख्या | सक्षम अधिकारी के पास दायर वादों की संख्या | निलम्बित/निरस्त किये गये केन्द्र की संख्या | माह में | माह तक वास्तव में आयोजित बैठकें | अभ्युक्ति |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 1 | 881 | 884 | 44 | 0 | 2 | 2 | 4.55 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | |

**<u>एजेण्डा बिन्दु 13 नियमित टीकाकरण–</u>**

गर्भवती महिलाओं के टी0टी0 टीकाकरण में माह अप्रैल, 2025 तक निर्धारित लक्ष्य 8.33 प्रतिशत के सापेक्ष जनपदीय भौतिक उपलब्धि 5.8 प्रतिशत पायी गयी, जिसमें सबसे खराब प्रगति कुरावली 4.9 प्रतिशत् कुचेला 4.8 प्रतिशत् व जागीर 1.8 पायी गयी। बच्चों के पूर्ण टीकाकरण की प्रगति में लक्ष्य 8.3 प्रतिशत के सापेक्ष जनपदीय उपलब्धि 5.6 प्रतिशत पायी गयी। जिसमें सबसे खराब प्रगति कुरावली 4.1 प्रतिशत, जागीर 1.9 व बरनाहल 4.7 प्रतिशत पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। पूर्ण टीकाकरण मे मण्ड़लीय रैंक 3 पायी गयी। जागीर चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि आई0ओ0 द्वारा त्रुटिवश गलत रिपोर्ट प्रेषित कर दी गयी। कुरावली चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि 05 उपकेन्द्रों पर ए0एन0एम0 नहीं है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 04 ए0एन0एम0 को Main Centre सी0एच0सी0 पर ही तैनात कर रखा है जो कि उचित नही है।

**निर्णयः**–अध्यक्ष महोदय द्वारा चिकित्सा अधीक्षक कुरावली एवं चिकित्सा अधीक्षक जागीर को सभी टीकें में खराब प्रगति पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। संतोषजनक जबाव प्राप्त ना होने तक वेतन आहरित ना किया जायें। पत्र की प्रति वरिष्ठ कोषाधिकारी को भी प्रेषित की जायें।

**(कार्यवाही–मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, सम्बन्धित चिकित्सा अधीक्षक)**

(कार्यवाही–मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, सम्बन्धित चिकित्सा अधीक्षक)

| Agenda | | नियमित टीकाकरण | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | April-2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | गर्भवती महिलाओं का टीटी टीकाकरण | | | | बच्चो का टीकाकरण (प्राप्त किये जाने वाला क्रमिक लक्ष्य 8 3) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | बीसीजी | | | ओपीवी | | | पेन्टा | | | खसरा | | | पूर्ण प्रतिरक्षित बच्चे | | | आर०वी०वी० | | | आई०पी०वी० | | |
| क्र०सं० | इकाई का नाम | वार्षिक लक्ष्य गर्भवती महिला | मासिक उपलब्धि | क्रमिक उपलब्धि | प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य (0–1 वर्ष के बच्चे) | मासिक उपलब्धि | क्रमिक उपलब्धि | प्रतिशत | मासिक उपलब्धि | क्रमिक उपलब्धि | प्रतिशत | मासिक उपलब्धि | क्रमिक उपलब्धि | प्रतिशत | मासिक उपलब्धि | क्रमिक उपलब्धि | प्रतिशत | मासिक उपलब्धि | क्रमिक उपलब्धि | प्रतिशत | मासिक उपलब्धि | क्रमिक उपलब्धि | प्रतिशत | मासिक उपलब्धि | क्रमिक उपलब्धि | प्रतिशत |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 1 | कुरावली | 5750 | 282 | 282 | 4.9 | 5013 | 190 | 190 | 3.8 | 202 | 202 | 4.0 | 202 | 202 | 4.0 | 208 | 208 | 4.1 | 208 | 208 | 4.1 | 202 | 202 | 4.0 | 202 | 202 | 4.0 |
| 2 | सुल्तानगंज | 7679 | 651 | 651 | 8.5 | 6701 | 450 | 450 | 6.7 | 445 | 445 | 6.6 | 445 | 445 | 6.6 | 490 | 490 | 7.3 | 490 | 490 | 7.3 | 445 | 445 | 6.6 | 445 | 445 | 6.6 |
| 3 | मानपुरहरी / बेवर | 7391 | 484 | 484 | 6.5 | 5723 | 331 | 331 | 5.8 | 396 | 396 | 6.9 | 251 | 251 | 4.4 | 380 | 380 | 6.6 | 380 | 380 | 6.6 | 381 | 381 | 6.7 | 407 | 407 | 7.1 |
| 4 | किशनी | 6851 | 385 | 385 | 5.6 | 5981 | 409 | 409 | 6.8 | 370 | 370 | 6.2 | 135 | 135 | 2.3 | 326 | 326 | 5.5 | 326 | 326 | 5.5 | 320 | 320 | 5.4 | 320 | 320 | 5.4 |
| 5 | जागीर | 3598 | 66 | 66 | 1.8 | 3150 | 90 | 90 | 2.9 | 42 | 42 | 1.3 | 42 | 42 | 1.3 | 60 | 60 | 1.9 | 60 | 60 | 1.9 | 42 | 42 | 1.3 | 42 | 42 | 1.3 |
| 6 | कुचेला | 6800 | 326 | 326 | 4.8 | 5952 | 325 | 325 | 5.5 | 313 | 313 | 5.3 | 313 | 313 | 5.3 | 366 | 366 | 6.1 | 366 | 366 | 6.1 | 313 | 313 | 5.3 | 304 | 304 | 5.1 |
| 7 | करहल | 5911 | 349 | 349 | 5.9 | 5156 | 151 | 151 | 2.9 | 262 | 262 | 5.1 | 262 | 262 | 5.1 | 257 | 257 | 5.0 | 257 | 257 | 5.0 | 262 | 262 | 5.1 | 273 | 273 | 5.3 |
| 8 | बरनाहल | 4490 | 239 | 239 | 5.3 | 3930 | 199 | 199 | 5.1 | 215 | 215 | 5.5 | 215 | 215 | 5.5 | 184 | 184 | 4.7 | 184 | 184 | 4.7 | 215 | 215 | 5.5 | 215 | 215 | 5.5 |
| 9 | घिरोर | 5873 | 415 | 415 | 7.1 | 5130 | 362 | 362 | 7.1 | 337 | 337 | 6.6 | 169 | 169 | 3.3 | 351 | 351 | 6.8 | 351 | 351 | 6.8 | 337 | 337 | 6.6 | 260 | 260 | 5.1 |
| 10 | मैनपुरी अर्बन | 4887 | 244 | 244 | 5.0 | 4184 | 287 | 287 | 6.9 | 227 | 227 | 5.4 | 227 | 227 | 5.4 | 254 | 254 | 6.1 | 254 | 254 | 6.1 | 227 | 227 | 5.4 | 227 | 227 | 5.4 |
| | कुल योग | 59230 | 3441 | 3441 | 5.8 | 50920 | 2794 | 2794 | 5.5 | 2809 | 2809 | 5.5 | 2261 | 2261 | 4.4 | 2876 | 2876 | 5.6 | 2876 | 2876 | 5.6 | 2744 | 2744 | 5.4 | 2695 | 2695 | 5.3 |

**Divisional Ranking in Full Immunization- Firozabad-1, Agra-2, Mainpuri-3 & Mathura-4**

## एजेण्डा बिन्दु–14 राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम की समीक्षा–

समिति द्वारा मोतियाबिन्द ऑपरेशन के वार्षिक लक्ष्य 58106 के सापेक्ष माह माह अप्रैल, 2025 तक राजकीय क्षेत्र में किये गये मोतियाबिन्द ऑपरेशन की क्रमिक प्रगति 37 पायी गयी तथा निजी क्षेत्र के चिकित्सालयों की प्रगति 155 पायी गयी। स्वैच्छिक संस्थानों द्वारा किये गये ऑपरेशनों की संख्या शून्य तथा 96 छात्र व छात्राओं को चश्मा वितरण किया गया।

**निर्णयः**–समिति द्वारा पर्याप्त चश्में एवं लेन्स की उपलब्धता के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही–नोडल अधिकारी)**

एजेंडा बिंदु–

राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम

| प्रगति माह– April 2025 | | वर्ष 2025 कमिक प्रगति | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | किये गये आपरेशन | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | राजकीय क्षेत्र में | | स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा | | निजी क्षेत्र के चिकित्सालयों द्वारा | | कुल योग | | | | | | | | | | |
